卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 97 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦14 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## कैंची धाम पहुंचे सीएम, स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ

भवाली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैंची धाम में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव और स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। रविवार को सीएम धामी ने यहां पहले मंदिर में पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना की। बाबा का आर्शीवाद लेने के बाद उन्होंने यहां बीस मिनट तक ध्यान भी लगाया। इस दौरान सीएम ने भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा के साथ मंदिर में करोड़ों की लागत से किए जा रहे निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। विभिन्न कलाकारों की ओर से श्री राम स्तुति पर भजन-कीर्तन में प्रतिभाग किया। सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम के बाद सीएम ने कैंची धाम में स्वच्छता अभियान की शुरूआत भी की।





## तीन लोगों पर गुलदार ने किया हमला, दो घायल

खटीमा( उद संवाददाता)। खटीमा ग्राम सभा भुडाई में सो रहे तीन लोगों पर गुलदार ने हमला कर दिया। इनमें से गुलदार के हमले से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक को पैर में खरोच और हल्की चोट के निशान हैं। सूचना पाकर परिवार वालों ने ग्रामीणों की मदद से घरेलू उपचार कर उन्हें नागरिक अस्पताल खटीमा में भर्ती कराया। ग्राम सभा भुडाई निवासी नीरज सिंह पुत्र दशरथ सिंह के घर में शादी समारोह था, जिनमें उनके रिश्तेदार भी आए हुए थे। ग्राम बिसौता नौगवानाथ निवासी रजनीश सिंह राणा, पुत्र गणेश सिंह राणा, ग्राम भड़ा भुडिया निवासी अनुराग पुत्र स्व कारण सिंह,(शेष पेज सात पर)



## खिचड़ी महोत्सव में बिखरी पूर्वांचली संस्कृति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड पूर्वांचल महासभा नगर इकाई द्वारा आज खिचड़ी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्थानीय एवं आमंत्रित गायक व सांस्कृतिक कार्यक्रम दलों द्वारा पूर्वांचली संस्कृति से ओत प्रोत अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पटना बिहार से आए प्रसिद्ध लोक गायक निर्देशक संजय उपाध्याय तथा उनके साथियों के गए लोक गीतों की ध ुन पर लोग थिरकते रहे। साहित्यकार भिखारी ठाकुर के विदेशिया नाटक का मंचन सराहनीय रहा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले पूर्वांचल समाज के विद्यार्थियों तथा अन्य लोगों को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खिचड़ी, दही चिउड़ा, लिट्टी चौखा व अन्य स्वादिष्ट पकवान लोगों के लिए परोसे गए। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा , सुरेश परिहार, सुरेश कोली, रामप्रकाश(शेष पेज सात पर)



## मकर संक्रांति पर स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिद्वार। मकर संक्रांति स्नान पर्व पर अर्ध रात्रि से ही स्नान करने लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मकर सक्रांति का संक्रमण काल आज रात्रि है। और पुण्य काल कल पूरे दिन है इसलिए मकर सक्रांति अधिकांश लोगों द्वारा 15 जनवरी को भी मनाई जा जाएगी। मकर संक्रांति के स्नान को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को सात जोन और 17 सेक्टर में बांटा गया है। पुलिस बल को जगह-जगह तैनात कर दिया गया है। इसके साथ ही सीसीटीवी से भी पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। शनिवार को ऋषिकुल ऑडिटोरियम में पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया गया। मेला नोडल अधि कारी एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने पिछले स्नानों के दौरान सामने आता रहा है कि अचानक से भीड़ बढ़ जाती है। इसलिए पहले से ही सभी तैयारी करके रखना है। हर जोनल अधिकारी अपने क्षेत्र में वैकल्पिक मार्गों का भीड़ बढ़ने पर उपयोग करेंगे। मनसा देवी, चंडी देवी में ड्यूटी के दौरान (शेष पेज सात पर)



## सड़क पर ट्रक पलटने से लगा घंटों जाम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि किच्छा मार्ग पर खोई से भरे ट्रक के पलट जाने से राष्ट्रीय मार्ग पर घंटों जाम लग गया। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात वन वे कराकर यातायत सुचारू कराया। साथ ही मुख्य मार्ग पर बिखरी गन्ने की खोई को दूसरे वाहन में डलवाने का काम शुरू करवाया। बताया जाता है कि गत रात्रि ट्रक संख्या यूपी 21 एएन 2797 का चालक काशीपुर निवासी राकेश पुत्र रामलाल ग्राम करनपुर काशीपुर से गन्ने की खोई लेकर यहां ग्राम लालपुर के लिए रवाना हुआ था। ट्रक जब किच्छा रोड़ पर कूड़े के ढ़ेर के पास पहुंचा तो अचानक ट्रक का एक्सिल टूट गया। जिस कारण ट्रक असंतुलित होकर मुख्य मार्ग पर पलट गया और ट्रक में भरी खोई मुख्य मार्ग पर बिखर गई। जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतारें लग जाने से लोगों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और यातायात वन वे कराकर जाम खुलवाया। दोपहर तक यातायात व्यवस्थित रूप से सुचारू हो पाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।





# गदरपुर में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कई स्थानों पर लोहड़ी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोहड़ी जलायी गयी और मंदिरों में पूजा अर्चना कर पोपकार्न, मूंगफली, तिल व रेवड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। अनाज मंडी, पुरातन शिव मंदिर, पुरातन श्री सनातन धर्म मंदिर, सहित कई स्थानों पर लोहड़ी जलाई गयी और प्रसाद वितरण किया गया। नवीन मंडी स्थल पर आढ़ती व्यापारियों द्वारा लोहड़ी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया। आढ़ती एसोसिएशन सहित व्यापारियों ने पूजा अर्चना के बाद लोहड़ी जलायी गयी और प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर विनोद भुसरी, टीकम खेड़ा, अशोक हुड़िया, वेदराज बजाज, आलोक सरना, दीपक बेहड़, अजय खेड़ा, विजय भुड्डी, राजकुमार भुड्डी, सतीश घीक, अशोक धीर, जगदीश छाबड़ा, बंटी पोपली, परमिन्दर सिंह बत्रा,ऋषि भुसरी, मनोज बजाज, दीदार सिंह, सुभाष खुराना, राजेश अग्रवाल, वैभव गोयल, सतीश भुड्डी, विजय गुम्बर, राजेश बजाज, चंकी बजाज, केवल फुटेला, जगदीश भुड्डी, बंटी भुड्डी, सुमित खेड़ा, तुषार गगनेजा, कृष्ण लाल अनेजा, कृष्ण लाल सुधा, राजेन्द्र अनेजा, स्वर्ण सिंह, धीरज कुमार आदि व्यापारी मौजूद थे। उधर वार्ड नंबर 4/7 शिव मंदिर परिसर में मंदिर अध्यक्ष जयकिशन अरोरा के नेतृत्व में लोहड़ी जलाई गयी और लोगों को लोहड़ी बधाई दी। इस मौके पर राजेन्द्र चावला, अनिल गुंबर, मुकेश चावला, वेद भगत, प्रवीण भगत, राकेश चावला, जगदीश गुप्ता, रोहित सुदामा रविंद्र चावला योगेश आहूजा आदि मौजूद थे। बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में पं. विजय शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना कर लोहड़ी जलाई गयी। इस मौके अध्यक्ष वेदराज बजाज, कृष्ण लाल बत्रा, जगमोहन बजाज, सुरेन्द्र बजाज,लेखराज नागपाल, सुरेन्द्र चावला, राजू सिंधी, अजय खेड़ा, सोमनाथ छाबड़ा, बंटी छाबड़ा, विजय छाबड़ा, अंकित बजाज, मंयक चुघ, ज्योति छाबड़ा, सुनीता बजाज,मीना बजाज, बबीता, मीना शर्मा, योजना शर्मा, लक्ष्मी चौहान, अर्चना चुघ, निर्मला मित्तल आदि मौजूद थे। इसके अतिरिक्त गूलरभोज रोड, मुख्य बाजार, आवास विकास, सकैनिया रोड, गूलरभोज, गूलरभोज रोड़ स्थित अद्धैत आश्रम, सकैनिया, सरदारनगर के मंदिरों आदि स्थानों पर लोहड़ी धूमधाम से मनाते हुए सर्वत्र सुख शांति की कामना की गई। **गूलरभोज**- गूलरभोज में लोहड़ी का त्योहार व्यापारियों के द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया मिष्ठान भी वितरण किया गया इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी रामकिशन दाहूजा हरिचंद छाबड़ा ओमप्रकाश डोगरा किशोर सावंत आनंद सिंह पानू रमेश खोलिया सचिन दहूजा संचित सिडाना राजू अनेजा अजय सिडाना विनोद कुमार संजीव कुमार गुप्ता विजय कुमार अमित कुमार शिवम रघुवंशी आशु रघुवंशी ईश्वरी डोगरा आदि उपस्थित थे।





## गूलरभोज में बांटे पूजित अक्षत

गूलरभोज। अयोध्या धाम मैं पूजित अक्षत और श्री राम का चित्र वितरण पत्रिका आदि सामग्री को विक्रम नगर गांव में बाटा गया इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी बलदेव राज दहूजा पंडित राज कुमार शर्मा कृष्ण ग्रोवर रामकिशन दाहूजा ओमपाल हरिओम सैनी दर्शन लाल सचिन दहूजा शिवम रघुवंशी अश ग्रोवर चूनिया देवी लक्ष्मी देवी मान्यया आदि उपस्थित थे।

# लोहड़ी महोत्सव में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि हमारा क्षेत्र कौमी एकता का गुलदस्ता है, और यहां प्रत्येक त्यौहार सभी जाति धर्म के लोग मिलजुल कर मनाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि तराई जैसी सांप्रदायिक सद्भावना की मिसाल पूरे देश में दूसरी जगह नहीं देखने को मिलती,उन्होंने कहा की हमारा क्षेत्र कौमी एकता का गुलदस्ता है और इस क्षेत्र को मिनी इंडिया भी कहा गया है। श्रीमती



शर्मा लोहड़ी के अवसर पर आदर्श कॉलोनी में सारथी फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित लोहड़ी महोत्सव में संबोधित कर रही थी। यहां आयोजको द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का शॉल ओड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। बाद में लोहड़ी के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सारथी फाउंडेशन के सचिन आनंद, राजीव चावला, मनोज आर्य, नरेश सागर, राजकुमार, हरि सिंह, पप्पू, पार्षद बबलू सागर, रणजीत सिंह सागर, चेतन भट्ट, अनिल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# होली चाइल्ड स्कूल के छात्र अमन को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गाँधी पार्क, रूद्रपुर (उत्तराखण्ड) में नारी शक्ति वंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें होली चाइल्ड स्कूल के नन्हे कलाकार कक्षा-8 के छात्र अमन जांगरा द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड श्री पुष्कर सिंह धामी, को मंच पर अपने द्वारा हस्त निर्मित चित्र को सम्मानपूर्वक भेंट किया गया, जिसे मुख्यमंत्री द्वारा सराहा गया और उसके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।इससे पूर्व में भी इस नन्हे कलाकार द्वारा स्कूल के प्रधानाचार्य श्री एम. दूबे का चित्र बनाकर उनको शिक्षक दिवस पर भेंट किया था। अमन ने अपनी कला का परिचय देते हुए कई प्रसिद्ध लोगों के चित्र बनाए हैं जिनको कि विद्यालय की वर्षिक पत्रिका में भी स्थान दिया गया है। उसकी इस प्रतिभा को सोसल मीडिया पर भी कॉफी सराहना मिलती है। संस्था के सरपरस्त श्री योगराज बत्रा, चेयरमैन श्री रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, श्री विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) श्री प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर, तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने छात्र को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।



# पंजाबी सिंगर हैरी धनोवा ने मचाया धमाल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के गांधी मैदान में सरस मेले के मुख्य अतिथि एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल रहे। पंजाबी सिंगर हैरी धनोवा ने पंजाबी गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोगों ने पंजाबी गानों के साथ पंजाबी डांस का भी लुफ्त उठाया।एक ओर जहां विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने बहुत सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया वहीं सूचना एवं लोक संपर्क विभाग की टीम, देव भूमि थारू जनजाति सांस्कृतिक विकास समिति की टीम ने भी अपनी प्रस्तुतियों से योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ साथ लोगों का मनोरंजन किया। लोगों ने विभिन्न स्टालों से विभिन्न उत्पादों एवं सामग्री की बढ़ चढ़कर खरीदारी भी की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, एसडीएम सदर मनीष बिष्ट, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी बीएस रावत समेत अन्य उपस्थित रहे।






# इन्द्रा चौक स्थित दरगाह से चोरों ने उड़या दानपात्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने इन्द्रा चौक स्थित दरगाह से दानपात्र चोरी कर लिए। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सैय्यद हसीन मिया पुत्र ऐजाज हुसैन निवासी खेड़ा वार्ड 17 प्रबन्धक वक्फ संख्या 106 मासूम मियाँ इन्द्रा चौक ने कहा है कि उसे एक नमाजी से सूचना मिली कि दरगाह में किसी अज्ञात चोर द्वारा दरगाह का ताला तोड़कर चोरी कर ली है। जिस पर उसने दरगाह पहुंचकर देखा तो पाया कि दरगाह का ता टूटा हुआ है। अन्दर जाकर देखा तो दरगाह में स्थित दोनों दान पात्र गायब थे। उन दान पात्रों में दान का कुछ पैसा भी था। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फिरौती मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

## रिटायर्ड एसडीओ मदनलाल टॉक के पुत्र ने पचास लाख की फिरौती मांगकर दी थी हत्या की धमकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार यादव को पत्र भेजकर 50 लाख रूपयों की रंगदारी मांगने तथा रकम न देने पर मौत के घाट उतारने की धमकी देने वाले शातिर अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह कोई और नहीं बल्कि अभी कुछ माह पूर्व सेवानिवृत हुए विद्युत विभाग के एसडीओ जसपुर मदन लाल टॉक का पुत्र नितेश कुमार निकला। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को थाने से जमानत दे दी गई है। बीते 9 जनवरी को काशीपुर में पदस्थ विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अजीत कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रजिस्टर्ड डाक से उन्हें एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें अज्ञात शख्स द्वारा 50 लाख रूपयों की फिरौती मांगी गई है। पत्र में साफ लिखा है की रकम न देने पर उन्हें मौत के घाट उतार दिया जाएगा। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जब इसकी विवेचना शुरू की तो परत दर परत तस्वीर साफ होने लगी। यह पत्र काशीपुर के डाकघर से भेजा गया था। दिन तारीख आदि की जांच के बाद जब पुलिस ने पोस्ट ऑफिस के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का अवलोकन किया तो एक संदिग्ध महिला डाक पोस्ट करती नजर आई। जरिए मुखबिर कानून के हाथ महिला की गर्दन तक पहुंचे तो उसकी पहचान अलीगंज रोड निवासी शालिनी पत्नी गुरजीत सिंह के रूप में हुई। थाने लाकर महिला से कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि बीते 4 जनवरी को उसके मित्र नितेश कुमार पुत्र मदनलाल टॉक द्वारा एक रजिस्ट्री करने के लिए बाकायदा उसे प्रेरित किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि 26 वर्षीय नितेश के कहने पर उसने अधिशासी अभियंता अजीत कुमार यादव के नाम सील बंद लिफाफा रजिस्ट्री किया। पुलिस को जैसे ही इसका पता चला उसने तत्काल अभियुक्त नितेश कुमार को तत्परता दिखाते दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए नितेश कुमार ने जुर्म को कुबूल कर लिया। यह मामला धारा 385 में पंजीकृत किया गया था। इंस्पेक्टर कोतवाली ने बताया कि बेलेबल ऑफेंस होने के कारण अभियुक्त को थाने से जमानत दे दी गई।



## नो-ड्यूज सर्टिफिकेट की खातिर रचा था ताना-बाना

काशीपुर। फिरौती में 50 लाख की डिमांड करने तथा न मिलने पर जान से मारने की धमकी देने वाले सेवानिवृत्ति एसडीओ मदनलाल टॉक के पुत्र नितेश कुमार को जब पुलिस ने पकड़ा तो उसने बताया कि उसके पिता खटीमा बाजपुर जसपुर काशीपर आदि स्थानों पर नौकरी के दौरान पोस्टेड रहे। रिटायरमेंट के बाद सभी स्थानों से उन्हें नोड्यूज सर्टिफिकेट मिल गया लेकिन काशीपुर से एनओसी नहीं मिल पाई थी। उसने पुलिस को बताया कि उसके पिता के खिलाफ कोई विभागीय जांच चल रही है जिसकी वजह से अधिशासी अभियंता अजीत कुमार यादव उसे एनओसी नहीं दे रहे थे। नो-ड्यूज ना मिलने के कारण रिटायर्ड एसडीओ मदनलाल टॉक को रिटायरमेंट का पैसा व अन्य फंड नहीं मिल रहा था जिस कारण वह मानसिक तनाव में थे। पिता के इसी मानसिक तनाव को दूर करने के लिए पुत्र ने अधिशासी अभियंता के खिलाफ खतरनाक योजना बना डाली।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817




किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# चुघ ने रम्पुरा में घर घर बांटे कैलेंडर व दिए

## 22 जनवरी को दीपावली मनाने का किया आग्रह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्रतिमा प्रतिष्ठापना के अवसर पर सभी लोग अपने घरों में दीपावली का उत्सव मनाएं । इस उद्देश्य को लेकर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी तथा उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ द्वारा आज से घर घर श्री राम मंदिर का कैलेंडर, दिए, मोमबत्ती, माचिस आदि सामग्री का वितरण अभियान प्रारंभ किया गया। श्री चुघ ने मोहल्ला रम्पुरा के विभिन्न क्षेत्रों में होकर काली मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर , श्री कटोरी देवी मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शनि देव मंदिर, मां संतोषी माता मंदिर, गुरुद्वारा सिंह सभा आदि धार्मिक स्थलों से होकर गुजरते हुए सैकड़ों परिवारों को दीपावली सामग्री वितरित की। इस दौरान सारा वातावरण प्रभु श्री राम, श्री राम मंदिर, श्री हनुमान आदि के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। श्री चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देश के करोड़ों राम भक्तों का दशकों पुराना संकल्प आगामी 22 जनवरी को पूरा होने वाला है। इस ऐतिहासिक खुशी का हम सभी ने दीपावली मानकर स्वागत करना है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों से आने वाले लाखों लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी होंगे। श्री चुघ ने कहा कि 22 जनवरी को सभी घरों में रामायण पाठ, हनुमान चालीसा, अखण्ड मानस पाठ, हवन यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाए और सारा वातावरण प्रभु श्री राम के जयघोषों से गुंजायमान कर दें। उन्होंने कहा कि यह अवसर जीवन में फिर नहीं आने वाला है। यह स्वागत दीपावली ऐतिहासिक साबित होगी। उन्होंने सभी मंदिरों की साफ सफाई पर भी सभी से विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। इस दौरान श्री चुघ के साथ लालमन लाल, डॉ महेश कोली, गिरीश कुमार पाल, अजय मौर्य, अमर रस्तोगी, राजू गुप्ता, किशन कोली, पंडित नरेश शर्मा, रोहित कोली, अशीष श्रीवास्तव, राम बहादूर कोली, राज कोली, रमेश कोली, परशुराम पाल, काले बाबा, हिम्मत राम कोली, विपिन कोली, अशु काण्डपाल, सन्नी पासवान, अभिषेक, जतिन मौर्य, शिव कुमार कोली, चंद्रपाल कोली, प्रेमपाल कोली, विष्णु गुप्ता, मान सिंह श्रीवास्तव, राजेश कोली, सीनू कोली, रेखा देउपा, हेमराज सिंह, मीना श्रीवास्तव, पुष्प कोली, सुशीला कोली, रूपवती, गीता , रामश्री, मीनू, खुशबू, शारदा कोली सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी शामिल थे।

# ट्रैक्टर ट्राली से कुचल कर युवक की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। आये दिन सड़क हादसों से क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है। ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर आज सुबह एक श्रमिक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम वीरपुर कटैया निवासी रिजवान का 16 वर्षीय पुत्र फरमान आज सुबह ट्रैक्टर ट्रॉली पर बैठकर मटर तोड़ने खेतों की ओर जा रहा था इसी दौरान मार्ग में संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रैक्टर ट्राली से नीचे गिर गया और इसी ट्रैक्टर ट्राली के पहिये के नीचे आकर कुचल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। परिजनों ने इस मामले में किसी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नही कराया गया है।





# पूजित अक्षत नगर में घर घर पहुंचाये

किच्छा( उद संवाददाता)। प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के पर्व पर दीपावली से भी अधिक आकर्षण रुप से सभी सनातनी अपने घरों, प्रतिष्ठानों को सजाते हुए दीपावली मनाएं। क्योंकि पांच सौ वर्षों की प्रतिक्षा के बाद श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। श्रीकांत राठौर ने तमाम सनातनियों के साथ प्रभु



श्रीराम की नगरी अयोध्या से आए पूजित अक्षत को नगर में घर घर पहुंचाते हुए अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने का निमंत्रण पत्र भेंट किए। एल्बम एवं सभी सनातन धर्म प्रेमियों से श्रीकांत राठौर ने अपील की कि आगामी 22 जनवरी को सभी सनातन धर्म प्रेमी अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को भव्यता पूर्वक सजाएं एवं पूर्ण तरीके से दीपावली मनाएं।क्योंकि पांच सौ साल की प्रतीक्षा के बाद यह अवसर मिला है। हर सनातनी के लिए गौरव के क्षण है।

# कछुओं के साथ एक गिरफ्तारर

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। थाना सितारगंज द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत



कार्यवाही में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में एक व्यक्ति को 31 प्रतिबंधित कछुओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी शक्तिफार्म पुलिस द्वारा शनिबार को चैकिंग के दौरान राम मंडल पुत्र स्वर्गीय सहदेव मंडल निवासी वार्ड नंबर 01 शक्ति फार्म को 31 प्रतिबंधित कछुओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी,हेड कांस्टेबल कुंदन सिंह, कांस्टेबल भारत भूषण व देवेंद्र कन्याल शामिल थे।

# मकर संक्रांति से माघ माह प्रारंभ होने पर शुरू होगे मंगल कार्य : ब्रह्मानंद शर्मा

किच्छा( उद संवाददाता)। मंगल कार्यों के लिए माघ मास शुभ होता है प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी मकर संक्रांति से माघ माह प्रारंभ हो जाता है। जिसमें सभी मंगल कार्य किए जा सकते हैं। हर बर्ष पौष माह (पूस माह) माह 13 जनवरी को समाप्त हो जाता है। श्री सिद्धेश्वर महादेव प्राचीन मंदिर सुनहरी के मुख्य पुजारी पंडित श्री ब्रह्मानंद शर्मा ने मन्दिर परिसर में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उक्त शब्द कहे। मुख्य पुजारी श्री शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी मकर संक्रांति से माघ मास शुरू होता है। इस माह में गृह प्रवेश, लग्न, शुभ विवाह, हवन-यज्ञ एवं विशेष



पूजा अर्चना कराई जा सकती है। मुख्य पुजारी पंडित श्री ब्रह्मानंद शर्मा ने बताया कि यह माह सभी मंगल कार्यों के लिए शुभ है। मुख्य पुजारी पंडित श्री ब्रह्मानंद शर्मा ने क्षेत्रीय जनता से अपील की है कि सनातन धर्म से सम्बंधित कोई भी जानकारी लेनी हो तो मन्दिर परिसर में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि साईकिल सवार श्रमिक को टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हुए अज्ञात कार चालक के खिलाफ परिजनों ने रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में श्रीमती गुरदीप कौर पत्नी मंजीत सिंह निवासी बिन्दुखेड़ा ने कहा है कि उसका पति मंजीत सिंह सिडकुल, पंतनगर में नेस्ले प्रा. लि. मे नौकरी करता है। 12 जनवरी की रात्रि करीब 10.30 बजे पति मंजीत सिंह डयूटी खत्म करके अपनी साईकिल चलाता हुआ सिडकुल से बिन्दूखेड़ा के लिए आ रहा था। मार्ग में मैट्रोपॉलिस मॉल के पास पीछे से तेज गति से आ रही कार संख्या यूके 04आर 0236 के चालक ने साईकिल में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में पति बुरी तरह से जख्मी हो गया। पति की नाजुक स्थिति को देखते हुए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

# युवती से ऑन लाईन 3.11 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक युवती से ऑन लाईन पैसों का लालच देकर 3.11 लाख रूपये ठग लिए गये। मामले में रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कशिश सक्सेना पुत्री गौरव जौहरी निवासी आवास विकास निकट रुपम चौक रुद्रपुर ने कहा है कि 30 एवं 31 अक्टूबर को उसे पैसों का लालच देकर उससे लगभग 3.11 लाख रूपये का धोखा दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मीना ने दी लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं

रूदपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा शुक्रवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित लोहड़ी महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची, जहां उन्होंने उपस्थित लोगों और क्षेत्रवासियों सहित विशेषकर पंजाबी समुदाय को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा नैनीताल दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक रिसॉर्ट में पहुंची, जहां उत्तराखंड टीवी चौनल द्वारा आयोजित भव्य लोहड़ी महोत्सव में उन्होंने प्रतिभाग किया।



इस अवसर पर यहां श्रीमती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि तराई कौमी एकता का गुलदस्ता है, यहां हर जाति, धर्म, और वर्ग के लोग अपने-अपने तीज त्यौहार बड़े ही उत्साह और खुशी के साथ मनाते हैं,श्रीमती शर्मा ने कहा कि लोहड़ी पर्व हमें प्रेम का संदेश देता है, उन्होंने उपस्थित सभी लोगों विशेष कर पंजाबी समुदाय के लोगों को लोहड़ी पर्व की बहुत बहुत शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे । यहां उत्तराखंड टी वी के एम डी भानु चुग द्वारा कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर और शॉल ओड़ाकर सम्मानित भी किया गया ।

# चोरी के लेपटाप सहित युवक गिरफ्तार

सितारगंज (उदद संवाददाता)। आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत कोतवाली सितारगंज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को चोरी के लैपटॉप के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को केके राय द्वारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया कि गुजरात अंबुजा कंपनी सिडकुल सितारगंज के कार्यालय से अज्ञात चोर द्वारा एक लैपटॉप चोरी कर लिया गया है। घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया । मामले के विवेचक उनि चन्दन सिहं बिष्ट व कां. सुनील चौहान द्वारा मुखबिर की सूचना पर रोहित मंडल पुत्र गोलक मंडल निवासी टैगोर नगर शक्ति फार्म थाना सितारगंज को उक्त चोरी के लैपटॉप के साथ सिडकुल में स्थित पार्किंग से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश कराकर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोहड़ी पर्व

## पंजाबी समाज की महिलाओं ने गाये लाहड़ी गीत, बुजुर्गों ने दिया आर्शीवाद, बांटा रेवड़ी, फुल्ले, मूंगफली का प्रसाद





रूद्रपुर/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रूद्रपुर । श्री सनातन धर्म सभा रूद्रपुर के संरक्षण में संचालित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं श्री हरि मंदिर में लोहडी का पर्व बडे उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमे सायं काल शुभ मुहुर्त में वैदिक मंत्रोचारण के साथ अग्नि की पूजा कर अग्नि प्रज्वलित की गई। भक्तजनो ने विधि विधान के साथ अग्नि में तिल, गुड़, मूंगफली एवं मक्के के फुल्ले रेवडी आदि अर्पण कर अग्नि साक्ष्य ईश्वर की पूजा कर आर्शीवाद प्रप्त किया। नव विवाहित दम्पति ने अपने सुखद दांपत्य की कामना कर देव दर्शन किए। बच्चों ने हर्ष उल्लास के साथ लोहडी पर्व को मनाया। कहा जाता है कि लोहडी से शीत ऋतु का समय उष्णता की ओर जाता है। लोहडी को अति उत्साह के साथ मनाया जाता है। पूरे भारत वर्ष में किसी न किसी रूप में अग्नि देव का पूजन कर मनाया जाता है। लोहडी जलाने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभा के सरपरस्त नन्द लाल भुड्डी, रोहिताश बत्रा, अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओम प्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, तिलकराज घई, साहय राकेश सुखीजा, विजय विरमानी, अमित अरोरा, शशि अरोरा, राज तागरा, पिंकी ग्रोवर, किरन जग्गा, सुरेश राजदेव, राकेश, सीमा दुनेजा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में गत रात्रि पंजाबी समाज के लोगों ने अन्य सभी लोगों के साथ मिलकर सामूहिक रूप ासे लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर समाज के बुजुर्ग लोगों ने रीति रिवाज के अनुसार लोहड़ी की अग्नि प्रज्जवलित की और वहां मौजूद सभी महिला पुरूषों, युवाओं, नवजात शिशुओं तथा नव विवाहिताओं को सुखमय जीवन व उनके उज्जवल भविष्य का आर्शीवाद दिया। इस दौरान युवाओं व महिलाओं द्वारा लोहड़ी के कई गीत सुनाकर लोगों को खुशी में थिरकने पर मजबूर कर दिया। यहां तक कि बुजुर्ग जन भी अपने आप को नाचने से नहीं रोक सके। नगर के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर खेड़ा, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित रविन्द्रनगर, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, माडल कालोनी, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, शक्ति विहार, ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, बराड कालोनी आदि क्षेत्रों में लोगों ने लोहड़ी पर्व सामूहिक रूप से धूमधाम से मनाया। **हल्द्वानी**- यहां विभिन्न आवासीय कालोनियों के साथ कई धार्मिक स्थानों में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री सत्य नारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर विष्णुपुरी, गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा रामलीला मैदान, कालाढूंगी रोड़, भोटिया पड़ाव, बरेली रोड़, रामपुर रोड़, काठगोदाम, श्री राम मंदिर सहित सभी आवासीय कालोनियों में लोहड़ी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। पंजाबी समाज के लोगों के साथ सभी लोगों ने मिलजुलकर लोहड़ी प्रज्जवलित कर खुशियां मनाई। सभी को रेवड़ी, मूंगफली और फुल्ले का प्रसाद भी वितरित किया गया।




# सरकार की योजनाओं के स्टालों का किया अवलोकन



किच्छा (उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा की आईईसी वैन के नगर में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने यात्रा का स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विभिन्न विभागों स्वास्थ्य विभाग,पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग, जल संस्थान, बाल विकास परियोजना विभाग, आयुष्मान विभाग, इण्डियन बैंक, ऊधम सिंह नगर को-ऑपरेटिव बैंक, केनरा बैंक एवं विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाई गई सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ साथ वंचित लोगों को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उपस्थित सभी लोगों को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि पिछले 09 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत का नाम विश्व पटल के शिखर पर पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी ने जितनी भी योजनाएं बनायी है, वे सभी योजनाऐं गरीबों को केन्द्रित कर बनायी है। जिसमे आयुष्मान योजना,जल जीवन मिशन योजना, उज्जवला योजना, जनधन योजना, किसान सम्मान निधि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत, अटल पेंशन योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्टार्ट-अप योजना, स्ट्रीट वेंडर योजना, सौभाग्य योजना, मातृ वंदना योजना, डिजिटल भारत योजना शामिल है। शुक्ला ने कहा निश्चित ही यह यात्रा 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में यह कदम मिल का पत्थर साबित होंगी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह द्वारा निकाय में संचालित योजनाओं ख्रप्रधानमंत्री आवास योजना, पी०एम०स्वनिधि योजना, स्वयं सहायता समूह, स्वत: रोजगार योजना की जानकारी लोगों को दी। अवसर पर नोडल अधिकारी विकसित भारत अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह , सह नोडल अधिकारी अमित गंगवार, कमलेश रावत, प्रवीन मेहरा, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, सुरेंद्र चौधरी, दिनेश भाटिया, देवेंद्र शर्मा, निवर्तमान सभासद संदीप अरोड़ा, राजीव त्यागी, नितिन बाल्मीकि, सचिन बाल्मीकि, मुकेश कोली, सैयद इफ्तार मियां, सुभाष तनेजा, विनोद कोहली, मोहन पटवाल, कुशाल राणा, गीता, पुष्पा आदि थे।

# पर्यावरणमित्रों की बैठक आयोजित

किच्छा( उद संवाददाता) ।आज नगर पालिका परिषद किच्छा के प्रांगण में समस्त पर्यावरणमित्रो ने एकत्र होकर एक बैठक आयोजित की । जिसमें देवभूमि उत्तराखंड कर्मचारियों के समक्ष अपनी बात रखते हुए सर्वसम्मति से संयुक्त मोर्चा शाखा का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से कैलाश वाल्मीकि को संरक्षक, विनोद कुमार प्रभारी, अमित कुमार कार्यकारिणी सदस्य, सौरभ कुमार को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस मौके पर नितिन वाल्मीकि, मुकेश राकेश, माइकल, राजू, साऊल दास,



सफाई कर्मचारी संघ, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ, उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ, अखिल भारतीय मजदूर परिषद, उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े समस्त पदाधिकारीगणों ने समस्त अध्यक्ष, धीरज लाल महासचिव, सूरज कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल कुमार उपाध्यक्ष, नीमा उपाध्यक्ष, अरुण कुमार कोषाध्यक्ष, सचिन चरन सचिव, दीपक दास प्रचार मंत्री, अंकित कुमार मीडिया मल्लू चरन, नत्थूलाल, रमेश, आकाश भारती, सोनू, सुरेश, पप्पू लाल, नरेश, राजेश वाल्मीकि, वीना, पूनम,रजनी, सपना, सुन्दरी, राजो, कुसुम, रवि अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

किच्छा( उद संवाददाता) ।नगर की सामाजिक सेवा संस्था इंपार्ट द्वारा ग्राम पंचायत सतत विकास योजना के अंतर्गत 9 थीमों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संस्था की प्रमुख इंदिरा मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुक्त उन्नत आजीविका गांव,-स्वस्थ गांव,बाल हितैसी गांव,जल पर्याप्त गांव,महिला हितैसी,स्वच्छ हरा भरा गांव,समाजिक रूप से सुरक्षित गांव,सुशासन युक्त गांव,बाल हितैसी गांव,गरीबी मुक्त तीन दिवसीय पंचायती राज प्रशिक्षण पर प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर संस्था प्रमुख ने कहा की सरकार की योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने में संस्था हमेशा प्रयास रत है। इस अवसर पर मुख्य से ।क्व कृषि विभाग के शिव दत्त पाण्डेय, ग्राम प्रधान राहुल तिवारी, ग्राम प्रधान आशा देवी, ग्राम प्रधान शांतिपुरी विमला जोशी, इंपार्ट संस्था के प्रशिक्षक,श्री मनोज कुमार सिंह, श्री कृष्ण कुमार , श्री चंद्र तेज सिंह, श्री आकाश कुमार, सुश्री प्रज्ञा मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।




समस्त क्षेत्रवासियों
को लोहड़ी एवं
मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाऐं
भारत भूषण चुघ
प्रदेश सह संयोजक, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड

# कैले बाजे मुरुली व ओ लाली होसिया गीतों पर झूमे लोग





## उत्तरायणी पर्व पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) द्वारा शैल भवन प्रांगण में आयोजित उत्तरायणी महोत्सव के द्वितीय दिवस पर आज मुख्य अतिथि उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी एवं निवर्तमान मेयर रामपाल एवं अध्यक्षता कर रहे विधायक शिव अरोड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।उत्तरायणी महोत्सव के द्वितीय दिवस महिलाओं द्वारा मंगल गीत शगुन आखर प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गईं। तत्पश्चात सुविख्यात लोक कलाकार स्वर्गीय गोपालबाबू गोस्वामी द्वारा गाया गीत उनके पुत्र अमित गोस्वामी ने जै मय्या दुर्गा भवानी, कैले बाजे मुरुली एवं देवेंद्र मथेला ने हा मैं उत्तराखंडी छू,ओ लाली होसिया गीत गाकर दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोक कलाकार विक्की आर्य ने मोतिमा बौराण,सूरज प्रकाश आर्य ने अलमोड़ बाजार कमला, पवन कुमार ने हीरा समधनी गीत प्रस्तुत कर दर्शको को मंत्रमुग्ध किया। महोत्सव में विभिन्न स्कूलों एवं व्याख्या जन-जागृति संस्कृति, संगीत एवं नाट्य अकादमी और सारथी वेलफेयर सोसायटी ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। उत्तराखंड के प्रथम गांव नीति- माणा से आए हीरामणि ग्रुप समारोह के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का संचालन उत्तराखंड गीत के लेखक हेमंत बिष्ट, संजीव बुधौरी एवं धीरज पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पांडे, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विजय भट्ट, शिव कुमार अग्रवाल, केएस टकोला, ताराचन्द्र अग्रवाल,गौतम रूंगटा,संदीप चीमा,मोहन खेडा,विवेक सक्सेना ,दिलीप अधिकारी, संरक्षक भारत लाल शाह, नवीन चंद पांडे, लीलांबर जोशी, मोहन सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष दयाकिशन दनाई, उपाध्यक्ष मोहन चंद उपाध्याय, राजेंद्र सिंह बोरा, महेश कांडपाल, जगदीश सिंह बिष्ट, दिनेश बम, कीर्ति निधि शर्मा, सतीश ध्यानी, धीरज पांडे, संजीव बुधोरी, हरीश मिश्रा, राजेंद्र बलोदी, अवतार सिंह बिष्ट, सुधा पटवाल, कमलेश बिष्ट, विनीत पांडे, सुनीता पांडे, नीलम कांडपाल, चंदा बम, गीता बिष्ट, किरन बोरा, आशा लोहनी, कुमकुम उपाध्याय, हेम पंत, दीपा जोशी, सतीश लोहनी, डॉ ललित मोहन उप्रेती, हरीश मिश्रा, नरेंद्र रावत, शैलेंद्र रावत, हरीश दनाई, दिनेश चंद भट्ट, दान सिंह मेहरा, गगन कांडपाल आदि उपस्थित थे।

## यूजर चार्ज के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

लोहाघाट (उद संवाददाता)। लोहाघाट नगर में नगर पालिका के द्वारा लगाए गए यूजर चार्ज का मामला लगातार गर्माते जा रहा है । शासन के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासक व ईओ के द्वारा लगाए गए यूजर चार्ज के विरोध में शनिवार को लोहाघाट के निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में नगर के लोगों व निवर्तमान सभासदों के द्वारा पालिका प्रशासक व ईओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यूजर चार्ज वापस लेने तथा पालिका बोर्ड को बदनाम न करने की मांग की गई। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा और सभासदों ने कहा पालिका प्रशासक व ईओ ने नगर वासियों को विश्वास में लिए बिना यूजर चार्ज लगा दिए गए हैं। तथा यूजर चार्ज की वसूली शुरू कर दी गई है और इस मामले में पालिका बोर्ड को बेवजह घसीट कर बदनाम किया जा रहा है उन्होंने कहा किसी भी बोर्ड के द्वारा यूजर चार्ज के बजट को पास नहीं किया गया है । यह उनके पालिका बोर्ड को बदनाम करने की साजिश है वही लोगों का कहना है पालिका के द्वारा किसी भी नगरवासी की राय नहीं ली गई और जबरन मनमर्जी से यूजर चार्ज लगा दिए गए। जिसका पूरे नगरवासी विरोध करेंगे वहीं वर्तमान पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा अगर यूजर चार्ज वापस नहीं लिए गए और बोर्ड को बदनाम करना नहीं छोड़ा गया तो वह जनता को साथ लेकर जन आंदोलन छोड़ देंगे । अगर जरूरत पड़ी तो एसडीएम कार्यालय में आत्मदाह करने से पीछे नहीं हटेंगे । वही ईओ प्रियंका रैकवाल का कहना है यूजर चार्ज का गजट शासन से पास हो चुका है जिसके तहत निर्धारित दरों से यूजर चार्ज लिए जा रहे हैं । कुल मिलाकर यूजर चार्ज को लेकर लोहाघाट का माहौल और राजनीतिक दोनों गरमा गए है । शुक्रवार को भी व्यापारियों ने यूजर चार्ज के विरोध में एसडीएम लोहाघाट से मुलाकात की थी।



## उत्तरायणी कौतिक का आयोजन कल

टनकपुर(उद संवाददाता)। टनकपुर के गांधी मैदान में 15 व 16 जनवरी को हरेला क्लब के तत्वावधान में उत्तरायणी कौतिक मेले का आगाज होने जा रहा है। मेले की तैयारियों व व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आज आज हरेला क्लब की अध्यक्ष डीडी भट्ट अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 15 जनवरी को प्रात: 10:00 बजे से टनकपुर शारदा घाट से छोलिया नृत्य, कलश यात्रा एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा झांकी निकाली जाएगी, जो नगर के मुख्य चौराहे से होते हुए गांधी मैदान पहुंचेगी। जिसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मेले का शुभारंभ करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम देर शाम को होंगे। जिसमें स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। हरेला क्लब महिला विंग द्वारा झोड़ा चाचरी, समूह गीत गायन समेत ऐपड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खटीमा सांस्कृतिक दल द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मेले के दौरान मेधावी छात्र छात्राओं और उदीयमान राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।बताया गया कि मेले के दौरान 16 जनवरी को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रकाश बिष्ट के नेतृत्व में अल्मोडा के हिमांद्री नट क्लब, संस्कार सांस्कृतिक और पर्यावरण समिति और महान लोक गायक स्व. गोपाल बाबू गोस्वामी के सुपुत्र अमित गोस्वामी आदि के लोक गीत, लोक नृत्य, संगीत और सदाबहार गानों की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। रात्रि 10 बजे लकी ड्रा आयोजित किया जाएगा। बैठक में संरक्षक धर्मेंद्र चंद, उपाध्यक्ष अजय गुरुरानी, सचिव भुवन जोशी, एमएन जोशी, डॉ. राजेन्द्र खर्कवाल, महिला विंग अध्यक्ष सुमन वर्मा, सुनीता गहतोड़ी, पुष्पा मुरारी, हेमा वर्मा, हेमा जोशी, रिचा सुतेड़ी, पूनम गहतोड़ी, रेखा बिष्ट, गीता राजपूत आदि मौजूद रहीं।



## पेज एक का शेष...

**तीन लोगों पर गुलदार ने.......** भुडाई निवासी दिनेश सिंह पुत्र रामरूप भी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। ये सभी नीरज सिंह के घर पर सो रहे थे। मध्य रात्रि करीब डेढ़ बजे के आसपास गुलदार ने इन सभी पर हमला कर दिया। गुलदार ने दिनेश के मुंह पर हमला कर जबड़ा फाड़ दिया। जबकि रजनीश के नाक और ठुड्डी पर हमला कर घायल कर दिया। साथ ही सो रहे अनुराग के पैर पर झपट्टा मारा, जिससे उसके पैर में हल्की चोट आई है। आनन फानन घर में हड़कंप मच गया। ग्रामीण और घर के लोगों ने तुरंत घरेलू उपचार किया। और सुबह होते ही तीनों को उपजिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां नागरिक अस्पताल से अनुराग को छुट्टी दे दी गई और दिनेश और रजनीश का इलाज चल रहा है। ये दोनों भी खतरे से बाहर हैं। खटीमा रेंजर महेश जोशी ने बताया कि मामले की जांच के टीम गठित कर घटना स्थल की जांच की जाएगी।

**खिचड़ी महोत्सव में ..** गुप्ता, विकास अग्रवाल, प्रेमलता सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, बलदेव छाबड़ा, संजीव कुमार सिंह, कमलेश कुमार, अनिल चौहान, जीत बहादुर सिंह, हिमांशु शुक्ला, देवेंद्र शाही, धीरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, राजेश कुमार, रणधीर चौधरी, दुर्गेश मौर्य, दिनेश गुप्ता, अभिषेक मौर्य, विशाल सिंह, निशांत शाही, वीरेंद्र तिवारी, नंदलाल शर्मा, सर्वजीत सिंह, संतोष सिंह, शंभू पाण्डेय, राकेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। **नानकमता**- नगर के मुख्य चौराहे पर मकर संक्रांति पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया राहगीरों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर राजन चौहान सुनील सागर संदीप टुरना प्रमोद अग्रवाल दिनेश रस्तोगी गुरबख्श सिंह काका राजेंद्र तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

**मकर संक्रांति पर स्नान....**ध्यान रखा जाए कि श्रद्धालु लाइन में ही आगे बढ़ें। भीड़ का दबाव बढ़ने पर तत्काल कंट्रोल रूम को जानकारी देने के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखेंगे। महिला घाट पर नियुक्त महिला कर्मी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। स्नान के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं के डूबने की संभावनाएं बनी रहती हैं, घाटों पर नियुक्त जल पुलिस की टीमें लगातार सतर्क रहें। हाईवे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए रूट प्लान का पालन करवाया जाए। वाहनों को सड़क के किनारे पार्क नहीं होने दिया जाए। सभी वाहनों को निर्धारित पार्किंग में भेजा जाए।

## धर्मपुरा कालोनी में रही लोहड़ी की धूम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां बरेली रोड स्थित धर्मपुरा कालोनी में गत रात्रि लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सांझी लोहड़ी प्रज्जवलित की गई। महिलाओं व युवाओं ने अनेक लोहड़ी गीत गाकर खूब नृत्य किया साथ ही मौजूद सभी लोगों को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया। सभी को मूंगफली, फुल्ले, रेवड़ी आदि का प्रसाद वितरित किया गया। बुजुर्ग जनों ने सभी को आर्शीवाद दिया। इस दौरान प्रदीप बिष्ट, हरिमोहन अरोरा, सन्नी सेठी, विजय बत्रा, हरि ओम बत्रा, जगदीश लाल सिडाना आदि मौजूद रहे।



## युवक पर हमलाकर बाईक व नगदी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात नशेड़ी ने सिडकुल ढाल के पास बाईक सवार युवक को जबरन रोककर उसपर हमला कर दिया और उसकी बाईक तथा हजारों की नगदी लूटकर फरार हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। विरेन्द्र सिहं पुत्र प्रेम सिहं निवासी वार्ड एक ट्राजिट कैम्प का कहना है कि 13 जनवरी को सांय वह आवास विकास की ओर से अटरिया होते हुए फुलसुंगा की ओर जा रहा था। सिढकुल ढाल ट्रांजिट कैम्प, निकट पावर हाउस के पास में एक नशेड़ी ने उसे रोका और बोला कि ड्यूटी के लिये जाना है छोड़ दो। इसी बीच उसके साथ वाले ने चाकू से वार कर दिया तथा लाठी डण्डे से मारा पीटा। जिसके चलते उसके शरीर पर चोटे आयी है। वीरेन्द्र का आरोप है कि उक्त हमलावर उसका मोबाइल, नगद 20 हजार रुपए, मोटरसाईकिल एच आर 38 बी 3355 को छीन लिया तथा मौके से भाग गए।

## पांच लाख के गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

कोटद्वार(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड को नशामुक्त बनाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौडी श्रीमती श्वेता चौबे द्वारा प्रभावी अंकुश लगाये जाने के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार श्रीमती जया बलोनी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार विभव सैनी के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार के नेतृत्व में थाना रिखणीखाल पुलिस टीम द्वारा रिखणीखाल थाना क्षेत्रान्तर्गत चौकिंग के दौरान थाना बैरियर पर बुलेरो पिकअप रोका गया तो मौके से वाहन में बैठे तीन व्यक्ति फरार हो गये। पुलिस टीम को शक होने पर वाहन की सघन चौकिंग की गयी तो वाहन में पीछे की तरफ पुलिस से बचने के लिये फ्लोर के नीचे वेल्डिंग कर के एक्स्ट्रा फ्लोर केबिन बना रखा था जिसकी तलाशी ली गयी तो केबिन में 13 प्लास्टिक के बैगों में 116.665 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बुलेरो चालक शिब्बूनगर कोटद्वार निवासी राजेश काला पुत्र किशन दत्त काला को गिरफ्तार कर थाना रिखणीखाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया। अभियोग उपरोक्त में तीन अभियुक्त वांछित है, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु ढाई हजार रुपए का ईनाम दिया गया।



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पुलिस ने की भ्रामक साईबर प्रचार प्रसार को लेकर आमजन से सावधान रहने की अपील

किच्छा(उद संवाददाता)। साइबर अपराधियों एवं सोशल मीडिया पर भड़काऊ सूचनाओं,भ्रामक प्रचार प्रसार से पुलिस ने आमजन से सावधान रहने की अपील की है। नगर के सुनहरी गार्डन में पुलिस एवं नागरिकों की बैठक में हल्का क्षेत्र के प्रभारी एस आई ओमप्रकाश सिंह नेगी ने नागरिकों को साइबर अपराध से सम्बन्धित जानकारी देते हुए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते का ओ टी पी न बताएं अन्यथा आपके साथ बड़ी धोखाधड़ी साइबर अपराधियों द्वारा की जा सकती है। एस आई श्री नेगी ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ सूचनाओं एवं प्रचार प्रसार पर लोगों से ध्यान नहीं देने की भी अपील की। इसके अलावा नशा विरोधी अभियान एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग किए जाने की भी लोगों से अपील की। मीटिंग में लोगों ने पुलिस को हर संभव सहयोग किए जाने का भरोसा दिलाया। मीटिंग में लोगों ने पुलिस को बताया कि जी जी आई सी के पास सुबह कालेज खुलने एवं बन्द होने के समय पुलिस की डयूटी रहतीं थीं ताकि मनचलों पर लगाम कसी रहे। लोगों का आरोप था कि पुलिस की कुछ समय से डयूटी न लगने से मनचलों की शरारतें बढ़ गई है। पुलिस ने लोगों को भरोसा दिलाया की अब स्कूल कालेज जब खुलेंगे तो पुलिस की डयूटी रहेगी। एस आई श्री नेगी ने लोगों से अपील की कि की पुलिस से सम्बंधित समस्या के लिए उनसे मिल सकते हैं समस्या का हल किया जाएगा। बैठक में एकता खड़का, पूर्व सभासद नजाकत खान, डॉ मोहम्मद सलीम, प्रधानाध्यापक मोहम्मद आरिफ मलिक, हाजी अच्छन अंसारी, सभासद फिरासत खान, हुसैन शाह, अख्तर हुसैन, रमेश, डॉ मौ अफरोज, सुरेश अग्रवाल, आफताब, जाकिर अंसारी,मौ आसिम, जलीस अहमद, किरणपाल, धर्मेद्र सिंधी आदि समेत सैकड़ों नागरिक थे।



# भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पांच मंदिर में चलाया सफाई अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पर पूरे देश में 14 जनवरी से 22 जनवरी भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तक मंदिरों में व्यापक सफाई अभियान चलाने का आवाहन किया है। इसी के तहत आज भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष धर्म सिंह कोली जी के नेतृत्व में शहर के प्रमुख पांच मंदिर में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सभी मंदिरों में सफाई अभियान चलाने का आह्वान करके सभी कार्यकर्ताओं को मंदिर से जोड़ने का प्रयास किया है साथ ही मंदिर के लोगों को भी भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास किया है विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हमेशा देश के अंदर स्वच्छ भारत अभियान चलाकर देश को साफ रखने का प्रयास किया है और आज जिस प्रकार से मंदिरों गुरुद्वारा की सफाई करने का अभियान लिया गया है इससे क्षेत्र के लोगों का अपने मंदिरों गुरुद्वारों से भी जुड़ाव होगा और मंदिर के लोगों के साथ काम करके ईश्वर की भक्ति को भी प्राप्त किया जाएगा साथ ही 22 तारीख को होने वाली श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में सभी मंदिरों में दीप जलाकर दिवाली मना कर दिव्य भव्य कार्यक्रम भी किए जाएंगे। इस दौरान प्रमोद शर्मा शैलेंद्र सिंह सुशील चौहान सुनील ठुकराल विनय बतरा अर्पित रवि पाल भगत जी अश्वनी शर्मा विधानसभा विस्तार का अमित चौधरी बिट्टू चौहान महेश बब्बर जी ओम प्रकाश अरोड़ा जी आदि लोग उपस्थित थे।



# गोयंका पब्लिक स्कूल में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल आयोजित 7 वीं मिनी नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चौम्पियनशिप 23-24 का समापन हुआ। 7वीं मिनी नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चौम्पियनशिप जिला टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऊधम सिंह नगर और उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से गत 11 जनवरी से 13 जनवरी तक जी. डी. गोयंका के प्रांगण में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि आईपीएस, एडीजीपी (प्रशासन) अमित सिन्हा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, पैरा बैडमिंटन शरद चंद जोशी, निवर्तमान महापौर रामपाल सिंह, घनश्याम श्यामपुरिया सामाजिक कार्यकर्ता और हिमांशु, एसडीएम बिलासपुर ने कार्यक्रम में मौजूद रहे। वहीं रामपुर के सांसद घनश्याम सिंह लोधी,ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरजिंदर सिंह, ग्राम प्रधान रंधीर सिंह विर्क, पूर्व चेयरमैन बिलासपुर देवकरण गंगवार की भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। इस टूर्नामेंट ने जम्मू कश्मीर, पांडिचेरी, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, एनसीआर व तमिलनाडु आदि विभिन्न राज्यों व क्षेत्रों के प्रतिभागियों को अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल ने अपने सम्बोधन के दौरान एक समा ही बांध दिया। एक ओर जहाँ उन्होंने लक्ष्य निर्धारण के रास्ते बताए कि मंजिले यूँ ही नहीं मिलती कुछ कदम तो चलना ही पड़ता है। वहीं दूसरी ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व बेटियाँ बेटों से कम नहीं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करके सभी आगंतुकों का दिल जीत लिया। अंत में विद्यालय की प्राचार्या रुपाली पुरी व प्रबंधिका रुचि गोयल ने सभी भाग लेने वाले छात्रों और कोचों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



# वन विभाग की टीम के साथ रात में ही पिंजरा लेकर सुन्दरपुर पहुंचे विधायक शिव अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गांव सुंदरपुर में तेन्दुए की दस्तक के बाद से एक्शन में दिखे विधायक शिव अरोरा आज रात्रि में स्वयं वन विभाग की टीम के साथ रुद्रपुर से पिजरा लेकर गांववासियों के बीच पहुँचे , तो वही मौके पर पिजरा लगाने से गांववासियों में थोड़ा राहत महसूस करते हुए उसको पकड़े जाने की उम्मीद जगी , वही विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से पिजरे की परमिशन लेना एक लंबी प्रक्रिया है लेकिन कल से वह स्वयं ही वन मंत्री सुबोध उनियाल से लेकर वन विभाग के आला अधिकारियों को लगातार संपर्क बनाये हुए थे तो वही विधायक की सतर्कता के चलते वन विभाग ने आज रात तेंदुए के लगातार एक ही जगह दिखाये दीये जाने वाले क्षेत्र मे पिजरा लगा दिया है। वही वन विभाग की टीम भी आज रात पूरी नजर बनाये हुए हैं ओर टुकड़ियों में वह अलग अलग गश्त कर तेंदुए के हलचल पर नजर रखेगी। वही विधायक शिव अरोरा ने गांववासियों से अपील की वह सावधानी बरतें ओर पिजरे वाली जगह के आस पास न जाये। विधायक शिव अरोरा ने कहा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि वहाँ की जनता की सुरक्षा और सुरक्षा के लिये जो भी प्रयास है वो लगातार किये जा रहे हैं और तेंदुए को बिना नुकसान पहुँचे , उसका रेस्क्यू हो यह भी प्राथमिकता है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, जगदीश विश्वास, सुब्रत एव वन विभाग की टीम मौजूद रही।



# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में किया विज्ञान प्रदर्शनी और लोहड़ी पर्व का शुभारंभ







बिलासपुर(उद संवाददाता)। कड़ाके की ठंड के बीच उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सीमा में स्थित भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में आज छात्रों द्वारा तैयार और प्रस्तुत की जाने वाली विज्ञान प्रदर्शनी और पंजाब के प्रसिद्ध लोहड़ी पर्व का शुभारंभ बड़ी धूमधाम से किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री बलदेव सिंह औलख ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर लोहड़ी जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक महोदय महेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य महेश चंद्रा व संयोजिका नेहा कंसवाल ने सभी बच्चों को लोहड़ी की लख लख बधाइयाँ दी। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने लोहड़ी की बोलियाँ बोल-बोलकर व भांगड़ा डालकर पूरे माहौल को लोहड़ी की मस्ती में भर दिया। उसके बाद राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बच्चों की शैक्षणिक प्रदर्शन व रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। राज्य मंत्री इस साल भारत की सबसे बड़ी कामयाबी का प्रदर्शित करने वाले चंद्रयान 3, कक्षा 10 के छात्रों द्वारा बनाए गए जीवन रक्षा पुल, संसद भवन कक्षा 9 के कार्बन शुद्धिकरण प्रारूप, अनुपयोगी जल संरक्षण, कक्षा आठ का हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट, जनरेट इलेक्ट्रिसिटी, स्पीड ब्रेकर कक्षा 7 का परमाणु बम परीक्षण, मिश्रित खेती वर्षा सूचक, भूकम्प सूचक यंत्र बनाने में बच्चों के प्रस्तुति कौशल को देखकर राज्य मंत्री मंत्र मुग्ध हो गए। नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा ट्रैफिक लाइट, कंप्यूटर पार्टस, दिन और रात की प्रस्तुतीकरण, ट्रैफिक लाइट यातायात के साधन, टॉफी मशीन को बनाने की प्रतिभा को देखकर राज्य मंत्री के साथ-साथ अभिभावक भी दंग रह गए। ग्रामीण इलाकों में और शहरी वातावरण के प्रदूषण से फेफड़ों पर होने वाले असर, भूकंप अलार्म, सूर्य ग्रहण- चंद्र ग्रहण, सौर ऊर्जा उत्पादक यंत्र, लेजर सुरक्षा अलार्म, ग्लोबल वार्मिंग की अद्भुत प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम को वैज्ञानिक दृष्टिकोण में बदल दिया । अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान महेश चंद्रा ने बच्चों में इसी तरह वैज्ञानिक स्वभाव, जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित कर जीवन में आगे बढ़ाने की शुभकामनाएँ दी।





